हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

06 सालों का इंतजार हुआ खत्म, नागरिकों को मिली शुद्ध पेयजल की...



09 मैमोग्राफी मशीन, कार्डियक एम्बुलेंस व 4 नवीन...



खबर संक्षेप

क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल 18 नवंबर को

सीहोर। शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के सेमीफाइनल दौर में शनिवार को 2 सेमीफाइनल मैच खेले गए। इसमें पहले मैच में फैथ अकादमी ने एलबीएस दिल्ली को 10 विकेट से और दूसरे मैच में एकलव्य ने वीडीसीए को 7 विकेट से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वीडीसीए ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाए थ। इसमें अरवाज उद्दीन ने 28, आदर्श राय ने 10, शिवम शर्मा ने 21 रन, देवांश यदुवंशी ने 29 रन और उज्जवल ने 19 रन की पारी खेली। इधर एकलव्य की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक जैन-नयनराज मेवाड़ा ने 3-3 विकेट, अमित शर्मा ने 2 विकेट और आदित्य सिंह ने 1 विकेट हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने 10.4 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत हासिल की। इमें कनिष्क ने 31 गेंद पर 73 रन की विस्फोटक पारी खेली। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरे सेमीफाइनल मैच में फैथ क्रिकेट क्लब ने एलबीएस दिल्ली को 10 विकेट से हराया। इलक्ष्य का पीछा करने उतरी फैथ टीम के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी राज और अक्षत रघुवंशी ने 6-6 गेंद पर 20-20 रन मात्र 2 ओवर में टीम को विजय बनाया।

प्राचीन संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरता बारह खंभा मेला

पशुधन के स्वास्थ्य संवर्धन, सुरक्षा के लिए पूजा अर्चना की अनूठी परंपरा है बारह खंभा मेला

जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर लगने वाला बारह खम्बा मेला, एक ऐसा मेला है जिसमें पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूजा-अर्चना की जाती है। जनजातीय समुदाय के अलावा सभी वर्गों के श्रद्धालु यहां आ रहे हैं और यह मेला प्रदेश के बड़े मेलों में से एक हे जिसमें दो लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारत, विविध बहुरंगी संस्कृतियों, और परंपराओं का देश है, जो अपने जीवंत त्योहारों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। हमारे देश में कुछ किलोमीटर के अन्तराल में ही स्थानीय बोली, परिवेश और सांस्कृतिक विविधता के दर्शन हो जाते हैं। देश के तीज, त्योहारों और मेलों का जीवन में एक विशेष महत्व है। यह हमारी जीवंत और समृद्धशाली सांस्कृतिक का प्रतीक है, जो सनातन से अविरल प्रवाहमान है। भारतीय संस्कृति में केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि सृष्टि के प्रत्येक प्राणी के कल्याण की कामना है। सीहोर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर लगने वाला बारह खम्बा मेला, एक ऐसा मेला है जिसमें पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूजा-अर्चना की जाती है।

दीपावली के दूसरे दिन लगता है मेला

दीपावाली के दूसरे दिन अर्थात पडवाँ के दिन इछावर तहसील के ग्राम देवपुरा में बारह खंबा मेला लगता है। यह मेला मध्यक्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। इस मेले में लाखों जनजातीय वर्ग के लोग अपने ईष्ट देव की शिला का दूध से अभिषेक और पूजा अर्चना कर अपने पशुधन की स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करते हैं। यहां सुबह से शाम तक हजारो लीटर दूध से देवशिला का अभिषेक किया जाता है। एसी मान्यता है कि यहा देवशिला पर अपने दुधारू पशु का दूध चढ़ाने से वह साल भर रोगमुक्त रहते हैं।

जनजातीय समुदाय के आराध्य देव

जनजातीय समुदाय के अलावा सभी वर्गों के श्रद्धालु यहां आ रहे हैं और यह मेला प्रदेश के बड़े मेलों में से एक हे जिसमें दो लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आते हैं। बारह खंबा मेला इछावर में प्राचीन काल से ही लगता आ रहा है। इछावर से 15 किमी दूर देवपुरा गाँव में जनजातीय समुदाय के आराध्य देव की देवरूपी शिला है, जिसे बारह खंबा वाले देव महाराज के नाम से जाना जाता है। यह 12 शिला स्तम्भों से बने छत के नीचे विद्यमान थी। इसीलिए इस स्थान का नाम बारह खंबा पड़ गया। वर्तमान में देवपुरा गाँव बारह खंबा के नाम से ही जाना जाता। बारह खम्बा मेले के बारे में इस क्षेत्र में यह किवदंती प्रचलित है कि गाँव के एक किसान को लगातार पशुधन की हानि हो रही थी। उसके पशु लगातार बीमार रहते और कुछ समय बाद उनकी मृत्यु हो जाती थी। कुछ समय बाद इस किसान को जंगल में एक ग्वाला मिला। ग्वाला ने उस किसान से कहा कि बारह खबे के बीच एक देवशिला है। उस देवशिला पर पड़वाँ के दिन दूध चढ़ाना फिर साल भर तुम्हारे पशु स्वस्थ रहेंगे। यह बात उस किसान ने ग्रामवासियों को बताई। तभी से यहाँ दिपावली के दूसरे दिन यानी पड़वाँ को दूध चढ़ाने की प्रथा शुरू हो गई और मेला लगने लगा।

11 महीने बाद भी किसानों को अब तक नहीं मिली भैंस

फार्म संचालक पर ज्यादा कीमत मांगने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत आष्टा के 58 हितग्राहियों ने सवा लाख रुपए जमा किए थे। करीब 11 महीने बाद भी उन्हें भैंस नहीं मिली है। रोहतक में किसानों ने तय कीमत से ज्यादा राशि मांगने और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें पशुपालन से जोड़ना है। इसके तहत हर हितग्राही को एक अच्छी और एक दूसरी श्रेणी की भैंस दी जानी थी। किसानों ने अपने हिस्से की सवा लाख रुपए की डीडी जमा कराई थी। शासन की ओर से भी इतनी ही राशि ठेकेदार को दी जानी थी। अच्छी नस्ल की भैंस लेने पर किसान को 10 से 30 हजार रुपए अतिरिक्त देने थे।

आष्टा क्षेत्र के 10 हितग्राही भैंस लेने हरियाणा के रोहतक गए थे। उनके साथ आष्टा के पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर विनोद कुमार शुक्ला भी थे। किसानों का आरोप है कि नितिन सचदेवा डेयरी फार्म के संचालक ने भैंसों के नाम पर मनमानी राशि मांगी। किसानों के मुताबिक, बाजार में करीब 90 हजार रुपए की बताई जा रही भैंस के लिए एक लाख 45 हजार रुपए मांगे गए। उनका आरोप है कि ठेकेदार तय राशि से एक से डेढ़ लाख रुपए तक अतिरिक्त वसूलने की कोशिश कर रहा है। किसानों ने ज्यादा राशि मांगने पर आपत्ति जताई तो उनके मुताबिक, डेयरी फार्म संचालक नितिन सचदेवा ने उनसे अभद्रता की। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि योजना में हो रही इस गड़बड़ी पर तत्काल ध्यान दिया जाए। रोहतक के संबंधित डेयरी फार्म और ठेकेदार द्वारा मांगी जा रही राशि की जांच कराई जाए। भैंसों की वास्तविक बाजार कीमत और शासन द्वारा निर्धारित दरों का मिलान किया जाए तथा किसानों को तय शर्तों के अनुसार भैंस उपलब्ध कराई जाए। किसानों का कहना है कि सरकार की मंशा किसानों को लाभ पहुंचाने की है, लेकिन ठेकेदारों की मनमानी से योजना का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। शासन को इस मामले में जिम्मेदारी तय कर किसानों को राहत दिलाना चाहिए। एसडीएम महेंद्र प्रताप किरार ने बताया कि मुझे आपके द्वारा ही जानकारी प्राप्त हुई है मैं सम्बन्धित विभाग से चर्चा करता हूं और पूरे मामले को दिखवाता हूं। यदि हितग्राहियों के साथ ऐसी कोई धोखाधड़ी हुई तो निश्चित ही जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।

गोदामों में खाद का अंबार, किसानों को नहीं मिल रहा, बाजार में डेढ़ गुना दाम पर बिक रही खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में खाद की किल्लत ने किसानों को दोहरी मार दी है। सरकारी आंकड़े पर्याप्त भंडार की गवाही दे रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में किसान एक-एक बोरी के लिए घंटों भटक रहे हैं। कहीं टोकन के लिए तीन घंटे इंतजार, कहीं सर्वर डाउन होने से खाली हाथ वापसी, तो कहीं तय कीमत से डेढ़ गुना तक अधिक दाम वसूलने के आरोप हैं। किसानों का कहना है कि 287 रुपये की यूरिया की बोरी 400 से 450 रुपये में बेची जा रही है। वहीं 1350 रुपये की डीएपी और एनपीके के लिए 2200 से 2300 रुपये तक मांगे जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक है तो किसानों को खाद मिल क्यों नहीं रही?

टोकन के लिए भटक रहे किसान

किसान राजकुमार खत्री ने आरोप लगाया कि पोर्टल प्रणाली से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सर्वर डाउन रहने से समय पर टोकन नहीं मिलते। अधिया और बटाई पर खेती करने वालों को भी खाद नहीं मिल पा रही। चांदबड़ के किसान नंदकिशोर ने बताया कि सुबह से दुकानों के चक्कर लगाने के बाद भी करीब तीन घंटे में टोकन नहीं मिला। बटाई पर खेती करने वाले किसान रूप सिंह ने कहा कि मजबूरी में बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

बिजली संकट ने बढ़ाई मुसीबत

खाद के साथ बिजली कटौती ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का आरोप है कि 10 घंटे बिजली देने के दावे के बीच दिन में मुश्किल से 3-4 घंटे ही बिजली मिल रही है। करीब 15 दिनों से सिंचाई प्रभावित है। परेशान किसानों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायतें दर्ज कराई हैं।

भटक रहे किसान

कृषि विभाग के अनुसार 28 अक्टूबर 2026 की स्थिति में जिले में 18,027.97 मीट्रिक टन यूरिया, 5,733.15 मीट्रिक टन डीएपी, 7,973.10 मीट्रिक टन एनपीके और 9,173.87 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। 1 से 28 अक्टूबर तक 14,263 मीट्रिक टन यूरिया, 7,128 मीट्रिक टन डीएपी, 2,934 मीट्रिक टन एनपीके और 4,105 मीट्रिक टन एसएसपी वितरित किया जा चुका है।

व्यवस्था सुचारू, कमी नही

सहायक संचालक अनिल कुमार जाट ने बताया कि सुबह IFMS पोर्टल का सर्वर डाउन होने से करीब दो घंटे तक अंगूठा लगाने की प्रक्रिया बाधित रही थी। अब समस्या दूर कर ली गई है और वितरण सुचारू है। जिले में खाद की कोई कमी नहीं है।

संकल्प वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली

नगर मंडल ने नए वस्त्र और मिठाई बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में दीपावली की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वावधान में उत्साह और उल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। सभी ने बुजुर्गों को नए वस्त्र और मिठाई भेंट की तथा उनके साथ आतिशबाजी कर पर्व की खुशियां मनाईं। इस दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया।

उत्साह के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के अलावा डॉ गगन नामदेव अमित निखरा विजय यादव जितेंद्र यादव निलेश यादव अक्षय राज चौहान संदीप कुशवाहा प्रवेश राठौर राहुल विजयवर्गीय मंजू ख़ान हर्ष ताम्रकार अनुराग मिश्रा गौरव जायसवाल रोहित कुशवाहा योगेश कुशवाहा रहित कुशवाहा उमेश मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि बुजुर्ग हमारे प्रेरणास्रोत होते हैं। उनके अनुभव और संस्कार समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। दीपावली का पर्व हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और खुशियां बांटने का संदेश देता है। पर्व की सार्थकता तभी है, जब हमारे प्रयासों से दूसरों के चेहरों पर भी मुस्कान आए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के साथ त्योहार मनाना और उनके बीच खुशियां बांटना सभी के लिए आत्मीयता और सम्मान का अवसर है। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने वृद्धजनों को नए वस्त्र एवं मिठाई वितरित की। इसके बाद सभी ने बुजुर्गों के साथ आतिशबाजी कर दीपावली का उत्सव मनाया और उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं।





खबर संक्षेप

धनतेरस के अवसर पर कोषालय में पूजा संपन्न

सीहोर। दीपावली एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर कलेक्टर बालागुरु के. की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में विधि-विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई, लेखा अधिकारी सुधीर खापरे, सहायक कोषालय अधिकारी चेतना ईवने, अनुरोध ढोके एवं अभिजीत सिंह गहरवार सहित समस्त कोषालयीन स्टाफ पूजा अर्चना में शामिल हुए।

अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई

सीहोर। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विभागीय टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 06 प्रकरण दर्ज किए हैं। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों के आधार पर ग्राम लोहापठार में कार्रवाई कर 05 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 95 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं ग्राम श्यामपुर एवं तोरनिया में कार्रवाई कर 33 पाव देशी मदिरा जब्त की गई तथा दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। इसी प्रकार ग्राम जोड़ स्थित पटेल देशी तड़का ढाबा, ग्राम फुड़रा एवं चिनौटा में दबिश देकर 10 पाव देशी मदिरा, 12 लीटर कच्ची मदिरा एवं 220 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस कार्रवाई में तीन प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी शेष है। इस प्रकार आबकारी विभाग द्वारा कुल 06 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्त मदिरा को विधिवत सीलबंद कर कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन के सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया।

सीआरएस पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले के समस्त नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं चिकित्सा संस्थानों को जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में सीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार जन्म अथवा मृत्यु की घटना होने के 21 दिवस के भीतर संबंधित नगरीय निकाय अथवा ग्राम पंचायत को ऑनलाइन सीआरएस पोर्टल पर सूचना दर्ज कराना अनिवार्य है। निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में होने वाली जन्म-मृत्यु की घटनाओं की सूचना दर्ज कराने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित चिकित्सा संस्थान के प्रभारी की होगी। स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में सूचना नहीं देने अथवा गलत जानकारी दर्ज कराने, जैसे जन्म-मृत्यु की गलत तारीख या गलत नाम दर्ज करने पर जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। कलेक्टर ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देशित किया है कि जन्म-मृत्यु की प्रत्येक घटना की सही-सही जानकारी तत्काल सीआरएस पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित निकाय को उपलब्ध कराएं। नियमों का पालन नहीं करने वाले संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला रजिस्ट्रार को अवगत कराएं।

आष्टा की अटल कॉलोनी में हर घर जल योजना का किया गया शुभारंभ

सालों का इंतजार हुआ खत्म, नागरिकों को मिली शुद्ध पेयजल की सौगातः मेवाड़ा

अमृत 2.0 नल-जल योजना के तहत अब अटल कॉलोनी के प्रत्येक घर में नवीन नल कनेक्शन का औपचारिक शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की नवीन बस्ती आवास अटल कॉलोनी में निवासरत नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिका द्वारा एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। अमृत 2.0 नल-जल योजना के तहत अब अटल कॉलोनी के प्रत्येक घर में नवीन नल कनेक्शन का औपचारिक शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया जिससे लंबे समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है। आवास अटल कॉलोनी में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में नल जल योजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद का उद्देश्य और कड़ा संकल्प है कि नगर की जो बस्तियां अब तक पिछड़ी हुई थीं और जहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से लंबे समय से वंचित रहे हैं, ऐसी बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। हमारा लक्ष्य हर नागरिक को सुव्यवस्थित सड़क, पक्की नाली, सुचारू प्रकाश व्यवस्था, आंगनबाड़ी भवन के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल प्रदान करना है। श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि अटल कॉलोनी के हमारे निवासी भाई-बहन कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यतीत करने को विवश थे, लेकिन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के कुशल नेतृत्व में परिषद ने इस दिशा में ठोस योजना बनाकर कार्य किया। पूर्व में यहां पक्की सड़कों का निर्माण कराया, वहीं बच्चों और नागरिकों के मनोरंजन की दृष्टि से एक सुंदर पार्क भी विकसित किया है। इसके अलावा क्षेत्र में अंधेरे को दूर करने के लिए विद्युत पोल के माध्यम से संपूर्ण कॉलोनी को प्रकाशमय किया गया।

इसी कड़ी में अब परिषद द्वारा कॉलोनी के प्रत्येक घर में नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य भी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है जिसका आज आप सभी की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। आगामी समय में शेष मूलभूत सुविधाएं भी शीघ्र उपलबध कराई जाएगी।अटल कॉलोनीवासियों में खुशी का माहौल - नगर पालिका के इन प्रयासों और हर घर जल योजना के धरातल पर उतरने से अटल कॉलोनी के निवासियों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। नागरिकों ने नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित परिषद का आभार व्यक्त किया है, क्योंकि वर्षों पुरानी पेयजल की समस्या का अब स्थायी समाधान हुआ है। कार्यक्रम को नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, रवि शर्मा, अरशद अली, अतीक कुरैशी, सुभाष नामदेव, एल्डरमेन शिवलाल प्रजापति, तोषनारायण भूतिया, आशु शर्मा सहित कॉलोनीवासी, नपा कर्मचारीगण आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन वार्ड पार्षद रवि शर्मा ने किया।

सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, बर्तन बाजार में जमकर हुआ कारोबार

पर्व पर बाजार में दिखी रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

धनतेरस पर शुक्रवार को आष्टा सहित पूरे अंचल के बाजारों में सुबह से देर रात तक खरीदारों की भीड़ उमड़ी। सराफा, ऑटोमोबाइल, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में जमकर कारोबार हुआ। लोगों ने शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी के आभूषण, नए वाहन, घरेलू उपकरण और बर्तनों की खरीदारी की। दूसरी ओर, सड़कों पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग और दुकानों का सामान बाहर रखे होने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। बड़ा बाजार और बुधवारा क्षेत्र में यातायात बार-बार बाधित हुआ।धनतेरस को लेकर व्यापारियों ने पहले से ही दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया था।

कई ग्राहकों ने आभूषण, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की एडवांस बुकिंग करा रखी थी, जिनकी डिलीवरी उन्होंने शुभ मुहूर्त में ली। सुबह से शुरू हुई बाजारों की चहल-पहल देर शाम तक जारी रही।जयश्री ज्वेलर्स के संचालक कैलाश सोनी ने बताया कि इस बार ग्राहकों में सोने-चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, चेन, अंगूठी, कंगन और अन्य आभूषणों की मांग रही। निवेश के लिहाज से भी लोगों ने सोने-चांदी की खरीदी की। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक महेंद्र तलवारा ने बताया कि टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सर, कूलर, मोबाइल और अन्य घरेलू उपकरणों की बंपर बिक्री हुई। कंपनियों के ऑफर, डिस्काउंट और आसान किस्तों की सुविधा से ग्राहकों को आकर्षित किया।

युवा वर्ग में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की मांग अधिक रही।डिलीवरी के लिए शोरूम पर लगी कतारें ऑटोमोबाइल शोरूमों पर भी सुबह से ग्राहकों की भीड़ रही। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की डिलीवरी के लिए लोग कतार में खड़े रहे। कई लोगों ने शुभ मुहूर्त में नए वाहन घर ले जाकर पूजा-अर्चना की। बर्तन बाजार में स्टील, पीतल और तांबे के बर्तनों की बिक्री हुई। महिलाओं ने पूजा के बर्तन, कलश और अन्य सामान खरीदे।इस बार भी पशुओं के श्रृंगार की दुकानें पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग पर पार्वती पुल से भोपाल नाके तक लगीं। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे।

राजस्व मंत्री ने शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर तहसील के ग्राम सालीखेड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है और अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों के कल्याण और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की सुविधाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा विकास कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित हो।

सामाजिक समरसता यज्ञ में शामिल हुए विधायक, यज्ञ में दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्राम दास्ताखेड़ी स्तिथ गोशाला में गोशाला के संस्थापक मालव माटी के पसंत, सुप्रसिद्ध कथा वाचक गुरुजी गोविन्द जाने के शुभ सान्निध्य में आयोजित सामाजिक समरसता यज्ञ में शामिल होने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आज दस्ताखेड़ी स्तिथ गोशाला पहुचे एवं आयोजित सामाजिक समरसता यज्ञ में सम्मिलित होकर विधि-विधान से यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं तथा गुरुजी का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल सहित अनेक समाजसेवी बंधु एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भी उक्त यही में शामिल होने पहुचे ओर सभी ने यज्ञ में आहुतियां दी।

रंग-बिरंगी रोशनी व आकर्षक सजावट देखने उमड़ रहे श्रद्धालु, आज होगा खजाना पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व आस्था, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपोत्सव के अवसर पर पूरा धाम आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी, विद्युत झालरों और विशेष साज-सज्जा से जगमगा रहा है। मंदिर परिसर की भव्य सजावट और रोशनी का नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दीपावली के पावन अवसर पर आज बाबा कुबेर भंडारी का विशेष अभिषेक-पूजन और खजाना पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

शाम को मंदिर परिसर में हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे, जिससे पूरा धाम दीपों की रोशनी से आलोकित होगा। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने दीपावली के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि दीपावली केवल बाहरी रोशनी और दीपों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह जीवन से अज्ञान, स्वार्थ और अंधकार को मिटाकर ज्ञान, सदाचार और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाने का महान पर्व है। दीपावली हमें अपने भीतर के अंधकार को दूर कर जीवन में अच्छे विचारों, सेवा और सद्भाव को अपनाने की प्रेरणा देती है। इस पर्व का वास्तविक आनंद तभी है, जब हम अपने जीवन में सकारात्मकता लाएं और दूसरों के जीवन में भी खुशियों का प्रकाश फैलाएं। मिट्टी की कला और पारंपरिक दीपों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर दीप प्रज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी दीपोत्सव को विशेष बनाने के लिए तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से सजाया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और अन्य सदस्यों के सहयोग से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। आज होने वाले बाबा कुबेर भंडारी के अभिषेक, पूजन और खजाना पूजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन में हास्य कवि जानी देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लिसा टॉकीज मैदान पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस पर आगामी 17 नवंबर मंगलवार को सीहोर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। शहर की ऑडियंस की डिमांड पर धार जिले के लोकप्रिय हास्य कवि जानी बैरागी को भी आमंत्रित कर लिया गया है।

देश के प्रसिद्ध कवि शायर गीतकार लाफ्टर सीहोर में काव्य पाठ गजल गीतों के साथ हास्य व्यंग मिमिक्री की प्रस्तुति देंगे। राष्ट्रीय कवि जहां देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर व्यंग्य बाण चलाएंगे वही लाफ्टर मिमिक्री और हास्य कवि व्यंग्य रस से दर्शकों को देर रात तक गुदगुदायेंगे। विधायक सुदेश राय के लाखों समर्थक शुभचिंतक पारंपरिक रूप से लीशा टॉकीज मैदान पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर में बरसों से होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के आयोजन की पारंपरिक श्रृंखला को राय परिवार बीते कई सालों से जीवित रखे हुए हैं। नागरिकों की अत्यंत मांग पर विधायक सुदेश राय के जन्मदिवस पर राय परिवार अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजन की परंपरा का निर्वहन करने जा रहा है। युवा भाजपा नेता राजकुमार रिंकू जायसवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन का संचालन देवास के प्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव सबरस के द्वारा किया जाएगा। उज्जैन के लोकप्रिय हास्य कवि रोहित झन्नाट, कानपुर के व्यंग्य हास्य कवि हेमंत पांडे कानपुर लाफ्टर शो फेम और पद्मश्री डॉ सुनील जोगी हास्य सम्राट नई दिल्ली शशबीना अदीब गीत गजल लखनऊ कपिल शर्मा फेम अंतरराष्ट्रीय शायर भी प्रस्तुति देंगे। शहर की जनता की मांग पर धार जिले के लोकप्रिय हास्य कवि जानी बैरागी को भी कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार कहानी कार पंकज पुरोहित रहेंगे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को लेकर लीशा टॉकीज मैदान में विशाल मंच बनाया जा रहा है। मैदान में रोशनी लिए हाईलैंप लगाए जा रहे हैं। कवि सम्मेलन सुनने आने वाले दस हजार से अधिक नागरिको की बैठने व्यवस्था की जा रही है।

चार दिन में बदली नदी की तस्वीर, गंदगी से पटे घाट को सीवन योद्धाओं ने चमकाया

नदी में पूजन सामग्री और कचरा डालने वालों को दे रहे समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीवन संरक्षण का संकल्प लेकर सीवन योद्धा नाव के साथ नदी की गोद में उतरे और लगातार चार दिनों तक अथक परिश्रम कर घाट की तस्वीर बदल दी। आज वही स्थान साफ-सुथरा और आकर्षक नजर आ रहा है। घाट का बदला स्वरूप देखकर लोग आश्चर्यचकित हैं और टीम के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि टीम का जलकुंभी निकालो महाअभियान निरंतर जारी है।

इसी अभियान के अंतर्गत सीवन नदी के चद्दर पुल घाट पर चार दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अपने जन्मदिन के अवसर पर भी उन्होंने सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार नदी संरक्षण के लिए समय दिया। संतों और समाजसेवियों ने बताया भागीरथी प्रयाससीवन अभियान के प्रेरक दिनेश कुमार शर्मा ने इस प्रयास को भागीरथी प्रयास बताते हुए कहा कि सीवन पुत्र टीम नदी संरक्षण के लिए जो कार्य कर रही है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। ब्रजेश पाराशर ने कहा कि आज सीवन नदी की दशा में बदलाव दिखाई देने लगा है।

वीरेंद्र सिंह बिसौरिया ने कहा कि टीम के रूप में सभी सदस्य निरंतर सीवन संरक्षण के साथ अन्य नदियों के संरक्षण के लिए भी प्रयासरत हैं। अभियान के दौरान गल्ला मंडी, श्रीराम कॉलोनी और पावर हाउस क्षेत्र से कुछ लोग पूजन सामग्री नदी में विसर्जित करने पहुंचे। सीवन पुत्र टीम के सदस्यों ने उन्हें समझाइश दी कि पूजन सामग्री नदी में डालने से जल प्रदूषित होता है। टीम की बात समझते हुए लोगों ने पूजन सामग्री नदी में प्रवाहित करने के बजाय सीवन पुत्र टीम को सौंप दी। यह जागरूकता अभियान की एक बड़ी सफलता रही। इस अभियान में सीवन पुत्र टीम के प्रमुख सदस्य कैलाश चौहान, मुकेश राय, संतोष मेवाड़ा, प्रकाश यादव, कनीराम मालवीय, वैभव राठौर, सतीश सीठा, जगदीश वर्मा और प्रदीप चावड़ा सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम के सदस्य लगातार लोगों को नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहे।

इस अवसर पर नदी संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए सीवन योद्धा सचिन प्रजापत और वैभव राठौर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गोपाल आर्य, दिनेश शर्मा, ब्रजेश पाराशर, महेंद्र कौशल, वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, दिनेश दिनकर, मुकेश विश्वकर्मा, अशोक नामदेव, सुरेश भगत, लक्ष्मण सिंह चौकसे, कनीराम मालवीय, कैलाश चौहान, वैभव राठौर, जगदीश वर्मा, योगेंद्र राय, मुकेश राय, संतोष मेवाड़ा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।चार दिनों की मेहनत ने यह संदेश दे दिया कि नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि हम सभी की है। जब समाज ठान ले तो बदलाव असंभव नहीं। सीवन योद्धाओं की यह पहल सिर्फ एक घाट की सफाई नहीं, बल्कि नदी संरक्षण के प्रति जनभागीदारी की एक नई मिसाल है।

प्रदोष काल और स्थिर लग्न में आज मनाई जाएगी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दीपोत्सव पर्व 6 नवंबर शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है जोकी 11 नवंबर बुधवार तक मनाया जाएगा। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार आज स्वाति नक्षत्र में दीपावली मनाई जाएगी 1 8 नवंबर रविवार को सुबह 10:23 से 9 नवंबर सोमवार को सुबह 11:01 तक अमावस्या तिथि रहेगी 1 शास्त्र मान्यता अनुसार प्रदोष काल में अमावस्या तिथि का होना श्रेष्ठ माना गया है इसलिए रविवार शाम को भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश, माता सरस्वती, माता लक्ष्मी, भगवान कुबेर आदि देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी दीपावली के दिन भूमि भवन दुकान व नई योजनाओं का शुभारंभ श्रेष्ठ है दीपावली की समय अवधि में बर्तन, वस्त्र ,आभूषण व वाहन खरीदना श्रेष्ठ माना गया है इसलिए इस अवधि में अधिकतम वस्तु खरीदी जाती है दीपावली को श्री यंत्र की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। सोमवार 9 नवंबर को स्नान दान सोमवती अमावस्या रहेगी अमावस्या को मुख्यतः पितरों की पूजा होती है। 9 नवंबर सोमवार को प्रतिपदा एकम तिथि सुबह 11:02 से प्रारंभ होकर 10 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12:09 तक रहेगी। उक्त समय अवधि के उदया तिथि में गौ माता पूजन, गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार इस दिन गौमाता के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। 11 नवंबर मंगलवार को सर्वार्थ सिद्धि योग अमृत सिद्धि योग रहेगा

मंदसौर को मिली स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात, गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट व रोटरी क्लब की पहल

मैमोग्राफी मशीन, कार्डियक एम्बुलेंस व 4 नवीन डायलिसिस मशीनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार करते हुए गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में नगर को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की महत्वपूर्ण सौगात मिली। रोटरी ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत स्व. रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल की स्मृति में सुशीला देवी गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से स्थापित हुए डिजिटल मैमोग्राफी मशीन व अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस। चार डायलिसिस मशीनों का भी गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। अभय अभिषेक मेहता करजू वाला वाला परिवार मंदसौर, शैलेंद्र पारसमल मट्ठा परिवार नीमच, ईश्वर रामचंद्र रामचंदानी मंदसौर व विवेक संपतलाल बोरदिया परिवार, उदयपुर के सहयोग से प्राप्त हुए 4 डायलिसिस मशीन। इन सुविधाओं के प्रारंभ होने से मंदसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, विधायक विपिन जैन, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, व दानदाता परिवार से प्रदीप गनेड़ीवाल रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री सुशील मल्होत्रा, सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की रही उपस्थिति।

रोटरी क्लब का स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक योगदान : सांसद गुप्ता

सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोटरी क्लब सदैव स्वास्थ्य सेवाओं एवं मानव कल्याण के कार्यों के लिए जाना जाता है। विश्व को पोलियो मुक्त बनाने के अभियान में रोटरी इंटरनेशनल एवं रोटरी क्लबों के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि देश की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार एवं विस्तार हो रहा है। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं एवं दानदाता परिवारों की सहभागिता इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाती है। राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होना बड़ी राहत है। गनेड़ीवाल परिवार एवं रोटरी क्लब ने सामाजिक सहभागिता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विधायक विपिन जैन ने कहा कि मंदसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डिजिटल मैमोग्राफी मशीन महिलाओं में स्तन कैंसर की



समय रहते जांच एवं पहचान में सहायक होगी, वहीं कार्डियक एम्बुलेंस आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चार नवीन डायलिसिस मशीनों से किडनी रोगियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर यशपाल सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार सदैव सेवा प्रकल्पों में अग्रणी रहा है।

पारिवारिक संस्कारों को जनसेवा के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास

इस अवसर पर दानदाता परिवार के प्रमुख प्रदीप गनेड़ीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से परिवार के पारंपरिक सेवा एवं परोपकार के संस्कारों को आगे बढ़ाने का सदैव प्रयास रहता है। परिवार का मानना है कि समाज से प्राप्त सहयोग एवं समृद्धि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा समाज के जरूरतमंद वर्ग के कल्याण में समर्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब एक सेवाभावी संस्था है, जो निरंतर मानवता एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय रहती है। रोटरी क्लब के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में योगदान देना परिवार के लिए संतोष एवं गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जब कभी स्वास्थ्य सेवाओं अथवा किसी अन्य प्रकार के सामाजिक सेवा प्रकल्प में रोटरी क्लब को सहयोग की आवश्यकता होगी, गनेड़ीवाल परिवार सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

रोटरी ग्लोबल ग्रांट से स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं का होता है निर्माण

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल विश्वभर में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मानवीय सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर ऐसे स्थायी प्रकल्प स्थापित किए जाते हैं, जिनका लाभ लंबे समय तक समाज को मिलता रहे। रोटरी क्लब मंदसौर ने जिस समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के इन प्रकल्पों को साकार किया है, वह पूरे डिस्ट्रिक्ट के लिए गौरव की बात है। उन्होंने गनेड़ीवाल परिवार के उदार सहयोग एवं क्लब सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान गनेड़ीवाल परिवार की ओर से इस सेवा प्रकल्प में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले परिवार के प्रमुख प्रदीप गनेड़ीवाल का रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा शाल, श्रीफल एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर बहुमान किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन रोटरी क्लब वर्ष 2025 26 के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने दिया, संचालन रोटरी क्लब के आगामी अध्यक्ष कपिल भंडारी ने किया व आभार क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी ने माना।

लोकल फॉर वोकल के संदेश के साथ बाजार में खरीदारी करने पहुंचे सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद सुधीर गुप्ता भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाजार में खरीदारी करने निकले। इस दौरान उन्होंने गांधी चौराहा, बस स्टैंड, भारत माता चौराहा एवं घंटाघर क्षेत्र के बाजारों में पहुंचकर स्थानीय दुकानदारों से विभिन्न वस्तुओं की खरीदी की। सांसद गुप्ता ने मिट्टी के दीपक, झाड़ू, मोरपंख, देवी-देवताओं की तस्वीरें एवं अन्य पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके व्यवसाय की जानकारी भी ली।

इस अवसर पर सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। लोकल फॉर वोकल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और छोटे व्यापारियों, कारीगरों एवं स्थानीय उत्पादकों को आर्थिक रूप से सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों पर अधिक से अधिक स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें, ताकि स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशहाली आए और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत हो।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, निरांत बग्गा, आदित्य मरोठिया, बंशी राठौर, नरेन्द्र पंवार, पियूष जैन , मनोज जैन, संजय गुप्ता, कपिल माली सहित आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हत्या के दो दोषियों को सुनाई सजा

इंदौर निवासी युवक की गला दबाकर की थी हत्या दोनों दोषियों को 7-7 साल कारावास



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

छपरा टोल टैक्स के पास इंदौर निवासी युवक की हत्या के मामले में सारंगपुर न्यायालय ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी तरुण सिंह ने अभियुक्त रवि गोस्वामी और दीपक गोस्वामी निवासी ग्राम चुकलिया, जिला राजगढ़ को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। जानकारी अनुसार अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने बताया कि घटना 26-27 नवंबर 2023 की दरमियानी रात की है। आरोपियों ने छपरा टोल टैक्स, एबी रोड उदनखेड़ी के पास इंदौर निवासी अंकित शर्मा की चादर के टुकड़े से गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृतक का मोबाइल, पर्स और कार की नंबर प्लेट तोड़कर फेंक दी थी। मामले में थाना पचोर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा



302, 201 एवं 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। प्रकरण क्रमांक 570/2023 में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों के कथनों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया।

न्यायालय ने धारा 302 के तहत दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड तथा धारा 201 सहपठित धारा 34 के तहत 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस प्रकार दोनों आरोपियों पर कुल 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। फैसला सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को सारंगपुर जेल भेज दिया गया। शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने की।

लायंस क्लब डायनेमिक ने वृद्धाश्रम में मनाई अपनत्व व खुशियों की दीपावली



मंदसौर। लायंस क्लब डायनेमिक द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ दीपावली का पर्व सेवा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लायन जगादीश चौधरी के सौजन्य से वृद्धजनों के नाप के अनुसार विशेष रूप से सिलवाए गए नए वस्त्रों का वितरण किया गया। वहीं महिला वृद्धजनों को ऊनी शॉल भेंट की गई। कार्यक्रम में वृद्धजनों के लिए मिठाई, नमकीन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। क्लब के सदस्य वृद्धजनों के साथ बैठकर आत्मीयतापूर्ण स्वल्पाहार करते हुए उनके साथ खुशियों के पल साझा किए। वृद्धजनों के साथ बैठकर स्वल्पाहार करने का यह अनुभव सभी के लिए अत्यंत सुखद और भावनात्मक रहा। कार्यक्रम की गरिमा एसडीएम शुभम पाटीदार एवं सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. दशरथ भाई जी की गरिमामयी उपस्थिति से और अधिक बढ़ गई। इस अवसर पर लायन दीपक चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, कृष्णकांत मोदी, विकास भंडारी, बलजीत सिंह नारंग, देवेंद्र पुराणिक, गोविंद मुजावदिया, सुरेश धनोतिया, सुरेंद्र फरक्या, उषा चौधरी, विमला फरक्या, चंद्रकांता पुराणिक, नीलम जेसवानी सहित अनेक सदस्य एवं सदस्याएँ उपस्थित रहे। लायंस क्लब डायनेमिक का यह सेवा कार्य वृद्धजनों के लिए दीपावली की खुशियों को और भी यादगार बना गया।



फिर किया निर्धन दिवंगत का सुनील बंसल ने अंतिम संस्कार

मंदसौर। समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने शनिवार को एक और निर्धन दिवंगत का अंतिम संस्कार किया। नयाखेड़ा के सरपंच संजय धनगर का उनके पास फोन आया कि नयाखेड़ा प्रतीक्षालय में एक वृद्ध व्यक्ति जो भिक्षावृत्ति करता है, उसका नाम भेरूलाल पिता प्यारेलाल तेली उम्र लगभग 75 वर्ष होकर उसकी मृत्यु हो चुकी है, उसका अंतिम संस्कार करना है। पुलिस द्वारा शव को जिला चिकित्सालय ले जाया गया व पोस्टमार्टम हुआ। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार नहीं करने पर बंसल सूचना दी गई। बंसल तत्काल अंतिम क्रिया का सामान लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, वहां से पोस्टमार्टम रूम में पहुंचकर उनके शव को अपनी कस्टडी में लेकर मोक्षरथ के माध्यम से सनातनी रीति-रिवाज के अनुसार शिवना स्थित मोक्ष धाम पर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार किया। मुखाग्नि सुनील बंसल ने दी।

दीपावली के उल्लास में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में सजे संस्कृति, संस्कार और सद्भाव के दीपक



मंदसौर। दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाश, पवित्रता, सकारात्मकता और सद्भाव के मंगल संदेश को अपने आंचल में समेटे दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में दीपावली कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। पूरे परिसर में दीपों की जगमगाहट के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुगंध बिखरी हुई दिखाई दी।

इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारिख ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने दीपावली के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप प्रज्वलित करने का पर्व नहीं, बल्कि निराशा पर आशा और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का संदेश देने वाला भारतीय संस्कृति का महान पर्व है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए हर्ष और उल्लास के साथ त्योहार मनाने को कहा।

मवासा में स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को वितरित की रजिस्ट्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

समीपस्थ ग्राम पंचायत मवासा में स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव एवं राजस्व एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम दौरान स्वामित्व योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को उनकी आवासीय संपत्तियों की रजिस्ट्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी स्वामित्व प्रदान करना तथा संपत्ति संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराना है इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

पेंशनर संघ की बैठक में की मुद्दों पर चर्चा, दी गई लोगों को जानकारी

जीरापुर। स्थानीय पेंशनर संघ की बैठक बैंक आफ इंडिया परिसर में आयोजित की गई। सिमें शाखा प्रबंधक गणपत लाल मीणा , सह प्रबंधक हर्षवर्धन पंत ने पेंशनरों को बैंक में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा सुविधाएं हर समय उपलब्ध दो ऐसी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। नवंबर माह से सभी पेंशनरों को आवश्यक रूप से जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है, ऑनलाइन, ऑफलाइन जमा कर सकते हैं यदि जीवित प्रमाण पत्र जमा नहीं किए गए और ऐसे मे पेंशन रुकेगी जिनको चालू करवाने में मशक्कत करना पड़ेगी, साथ ही साइबर क्राइम के अंतर्गत अज्ञात नंबरों पर बैंक खातों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी नहीं दी जावें , जमा राशि एफडी , ब्याज दरों के संबंध से भी अवगत कराया गया। बीमा एवं अस्वस्थ पेंशनर से उनके आवास पर पहुंचकर ही जीवित प्रमाण पत्र ले लिए जाएंगे पेंशनर को भुगतान हेतु प्रथक से काउंटर की व्यवस्था कर दी गई है, कोई भी समस्या होने पर पेंशनर प्रबंधक , सह प्रबंधक से सीधे संपर्क कर सकते हैं । बैठक में अध्यक्षता पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए बैंक प्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मंडी में पटाखा बाजार में सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी

50 दुकानें संचालित, कहीं अग्निशामक यंत्र नदारद तो कहीं दुकानों के बीच दूरी नहीं, निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कृषि उपज मंडी परिसर में दीपावली के अवसर पर लगाए गए पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है।

बाजार में संचालित दुकानों पर सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहीं दुकानों के बीच निर्धारित दूरी नहीं है तो कहीं आग बुझाने के लिए अग्निशामक यंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में त्योहार पर खरीदारी करने पहुंच रहे हजारों लोगों की सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, पटाखा बाजार के लिए कुल 88 दुकानों के लाइसेंस जारी किए गए हैं, जबकि मौके पर करीब 50 दुकानें संचालित हो रही हैं। आरोप है कि कुछ व्यापारियों ने दो-दो लाइसेंस प्राप्त



कर एक ही दुकान संचालित कर रखी है। इससे एक ही दुकान में निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे रखे जाने की आशंका जताई जा रही है।

नियमों के अनुसार दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी होना आवश्यक है, लेकिन मंडी परिसर में कई दुकानें एक-दूसरे के बिल्कुल पास लगाई गई हैं। इसके अलावा कुछ दुकानों में अग्निशामक यंत्र नहीं मिले, जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकानों के सामने पर्दे लगा रखे हैं। बाजार में सुरक्षा इंतजामों की एकरूपता भी नजर नहीं आ रही है। कुछ दुकानों में निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। दीपावली के दौरान पटाखा बाजार में बच्चों, महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है। ऐसे में यदि किसी दुकान में आग लगने जैसी घटना होती है तो पास-पास लगी दुकानों के कारण आग तेजी से फैल सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है।

निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी

मामले में तहसीलदार कपिल शर्मा ने बताया कि पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी। निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखे मिलने या दुकानें नियम विरुद्ध संचालित पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

80 वर्ष से चली आ रही रामलीला की परंपरा

लखनवास में राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन



लखनवास। नगर में चल रही नौ दिवसीय रामलीला का समापन शुक्रवार को राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। रामलीला में राम जन्म, वनवास, सीता हरण, रावण वध और कुंभकरण वध सहित सभी प्रमुख पात्रों का मंचन किया गया। गांव में रामलीला की यह पुरानी परंपरा पिछले 80 वर्षों से लगातार चली आ रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीणों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ रामलीला का आयोजन किया।

रामलीला का मंचन पंडित आचार्य बृजमोहन शर्मा के सान्निध्य में हुआ। मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के गांवों के लोग पहुंचे। व बाहर से आए अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्वागत सत्कार भी रामलीला मंडल समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हुआ ट्रक

बालमपुर घाटी पर गेहूं से भरा ट्रक गहरी खाई में पलट गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे की बालमपुर घाटी पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे ट्रक घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हो गया। इसके बाद ट्रक पीछे की ओर रिवर्स होते हुए करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि ट्रक में भरी गेहूं की बोरियां खाई में बिखर गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक गंजबासौदा से गेहूं की बोरियां भरकर इंदौर में माल खाली



करने जा रहा था। ट्रक बालमपुर घाटी की चढ़ाई पर पहुंचा, अचानक उसकी सभी लाइटें बंद हो गईं और ट्रक का इंजन भी बंद हो गया। चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक पीछे की ओर खिसकता चला गया और 10 फीट गहरी खाई में पलट गया।

दीपावली का महाउत्सव हर्षोल्लाह उमंग के साथ मनाया

ब्रह्माकुमारी आश्रम में मां लक्ष्मी की झांकी सजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी के मार्गदर्शन में दीपावली का महा उत्सव बड़े ही हर्षोल्लाह उमंग एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत सुरज सिंह मडलोई, बड़े राममांदिर पुजारी हनुमान शर्मा, ग्राम नांदरी सरपंच रामनारायण मालवीय, पतंजलि योगाचार्य राम रतन गुप्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माचलपुर प्रभारी सीमा दीदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहां की दीपावली आत्म जागृति, सतयुगी दुनिया के आने का स्वच्छता का, पवित्रता का, यादगार है मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम नांदरी से आए सरपंच रामनारायण ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की मैं संस्था में आकर बहुत ही शांति , सुख आनंद प्रेम का अनुभव कर रहा हूं। बीके



अनीता दीदी ने दीपावली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य उजागर किया। पांचो ही दिनों के पर्व का अपना-अपना महत्व है, धनतेरस हमें सच्ची आध्यात्मिक संपत्ति अर्थात ज्ञान और दिव्य गुणो का खजाना प्राप्त करने की प्रेरणा देता है । नर्क चतुर्थी बुराइयों एवं विकारों को समाप्त करने का संदेश देती है।। दीपावली आत्मा में ज्ञान का दीपक जलाकर जीवन को प्रकाशित करने का प्रतीक है, पड़वा नवीनता एवं श्रेष्ठ संकल्पों के साथ जीवन की नई शुरुआत करने की प्रेरणा देता है, वही भाई दूज आत्मिक प्रेम, पवित्रता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को अपने अंतर्मन में ज्ञान योग की ज्योति जलाकर सच्ची दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मां लक्ष्मी की मनमोहक झांकी सजाई गई जिसकी सभी ने सराहना की श्रद्धा, भक्ति भाव से मां लक्ष्मी की आरती उतारी गई। बीके सीमा दीदी ने मेडिटेशन के माध्यम से सबको आत्म अनुभूति कराई। सभी अतिथियों का एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन सुंदर आध्यात्मिक ज्ञान, प्रेम उमंग उत्साह के साथ हुआ।


आष्टा विधानसभा के सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व एवं भाईदुज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
गोपालसिंह इंजीनियर
क्षेत्रीय विधायक , आष्टा
विशाल चौरसिया
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड.क्रं.17
मोहित सोनी
भाजपा नगर महामंत्री
मनीष धारवॉ
अध्यक्ष : भाजपा युवा मोर्चा आष्टा
सौरव रूण्वाल
शीतल स्वीट्स ,आष्टा
उत्थान धारवॉ
RKS विधायक प्रतिनिधि


श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा
अध्यक्ष : न.प.आष्टा
रायसिंह मेवाड़ा
अध्यक्ष प्रतिनिधि
न.प.आष्टा
आप सभी क्षेत्रवासी एवं नगरवासियों को
दीपावली पर्व एवं भाईदुज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पवन सेन
चेतन छाजेड़
मनीष धारवॉ
अध्यक्ष : भाजपा युवा मोर्चा आष्टा
रूपेश राठौर
अध्यक्ष : व्यापार महासंघ आष्टा


श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा
अध्यक्ष : न.प.आष्टा
रायसिंह मेवाड़ा
अध्यक्ष प्रतिनिधि
न.प.आष्टा
प्रिंस राठौर
अध्यक्ष
न.प. परिषद सीहोर
नरेश मेवाड़ा
जिलाध्यक्ष
भाजपा सीहोर
गोपालसिंह इंजी.
विधायक
विधानसभा आष्टा
आप सभी क्षेत्रवासी एवं नगरवासियों , जिलेवासियों को
दीपावली पर्व
एवं भाईदुज
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
चेतन छाजेड़
युवा व्यापारी
रूपेश राठौर
अध्यक्ष : व्यापार महासंघ आष्टा